# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–16.07.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्य भर में आज भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथयात्रा श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ निकाली जा रही है। राजधानी रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में सुबह से ही लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। इसके साथ ही जमशेदपुर और बोकारो समेत तमाम जिलों में भी रथयात्रा को लेकर भव्य मेलों की शुरुआत हो चुकी है। प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष रूट एडवाइजरी और अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की है। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर राज्यवासियों को सुख, समृद्धि और शांति की शुभकामनाएं दी हैं।

******************

उधर, गुमला के करौंदी जगन्नाथ मंदिर में आज रथयात्रा पर सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन कर सुख–शांति की कामना की। मेले में खिलौने, मिठाइयों की दुकानें और झूले भी लगाए गए हैं, जो आकर्षण का केंद्र हैं। श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।

******************

हजारीबाग में जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर मेरी धरती मेरी जिम्मेवारी समूह ने 51 बाल तरुरोपण अभियान चलाया। सेवानिवृत्त प्रोफेसर मनोज कुमार के नेतृत्व में यह समूह पिछले दो दशकों में 10 हजार से अधिक पौधे लगाकर उनकी रक्षा कर चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम आह्वान से प्रेरित इस कार्यक्रम में डीएफओ मौन प्रकाश ने भी खुद पौधा लगाकर पर्यावरण प्रेमियों का हौसला बढ़ाया।

******************

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई द्वारा नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा लागू करने पर चिंता व्यक्त की है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा शुरू न की जाए, क्योंकि इससे छात्रों पर अनावश्यक तनाव बढ़ता है। शीर्ष अदालत ने सुझाव दिया कि यदि नई भाषा सिखानी है, तो इसे पांचवीं या छठी कक्षा से शुरू किया जाना चाहिए ताकि बच्चे आसानी से सामंजस्य बिठा सकें। यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान आई।

******************

नई दिल्ली के द्वारका स्थित आईआईआईडीएम सभागार में कल चुनाव आयोग एक राष्ट्रीय मीडिया कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के मीडियाकर्मी शामिल होंगे। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में चुनाव तकनीक, कानूनी विषयों और काउंटिंग प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

******************

कोडरमा में गौशाला समिति ने आत्मनिर्भरता का सफल मॉडल तैयार किया है। यहां परिसर के गोबर से पूरी तरह प्राकृतिक और उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद बनाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष महेश दारुका और सदस्य अरुण मोदी के अनुसार, इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है, बल्कि इससे होने वाली आमदनी से गोवंश की देखभाल भी हो रही है।

******************

लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में आज सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। रांची–लातेहार मुख्य मार्ग पर शिवटोली के पास एक अनियंत्रित मिनी ट्रक ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

******************

मौसम केंद्र रांची के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण राज्य भर में मॉनसून एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। आज और कल रांची, खूंटी, रामगढ़ और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों नेलोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

*******समाप्त********